UNNAO POLICE

प्रेस नोट - दिनांक 29.11.2024

थाना बेहटा मुजावर, जनपद उन्नाव।

फर्जी डिग्री व मार्कसीट प्रदान करने वाले प्रबन्धक व बाबू गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बेहटा मुजावर पुलिस द्वारा फर्जी डिग्री व मार्कसीट प्रदान करने वाले प्रबन्धक व बाबू को गिरफ्तार किया गया।

संक्षिप्त विवरण- दिनांक 20.09.2024 को आवेदक प्रशांत मिश्रा पुत्र सुभाष चन्द्र मिश्रा निवासी बेहदर कलां थाना कासिमपुर जिला हरदोई का प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ जिसमें उल्लिखित था कि प्रार्थी ने डी० फार्मा० की डिग्री प्राप्त करने के लिए दुर्गा प्रसाद रामरूप एलोपैथिक फार्मेसी कालेज अटवा वैक उन्नाव में एडमिशन लिया था। कालेज के प्रबंधक तेजकुमार पुत्र सत्यपाल व हेड बाबू अवल प्रकाश पुत्र बाबू निवासी गण अवैक थाना बेहटामुजावर जनपद उन्नाव द्वारा I.F.T.M. यूनिवर्सिटी मुरादाबाद द्वारा निर्गत डी0 फार्मा0 प्रथम वर्ष सन् 2018-2019 के व द्वितीय वर्ष की 2019-2020 की मार्कशीट दी। मार्कशीट के फर्जी होने की शंका होने पर आवेदक ने थाना बेहटा मुजावर पर प्रार्थना पत्र दिया था। प्राप्त तहरीर पर थाना बेहटा मुजावर द्वारा मु0अ0सं0 249/2024 धारा 420/406/467/468/471 भादवि का पंजीकृत किया गया। आज दिनांक 29.11.2024 को उ0नि0 श्री मोर मुकुट पाण्डेय मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त 1.तेज कुमार पुत्र सत्यपाल उम्र करीब 58 वर्ष 2.अवल प्रकाश पुत्र बाबू निवासीगण अवैक पो0 अटवा वैक थाना बेहटा मुजावर जिला उन्नाव उम्र करीब 50 वर्ष को शिव शक्ति मैरिज हाल के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

तेज कुमार पुत्र सत्यपाल निवासी अवैक अटवा वैक थाना बेहटा मुजावर जिला उन्नाव उम्र करीब 58 वर्ष,

2.अवल प्रकाश पुत्र बाबू निवासी अवैक अटवा वैक थाना बेहटा मुजावर जिला उन्नाव उम्र करीब 50 वर्ष

<u>**गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**</u>

1.व0उ0नि0 मोर मुकुट पाण्डेय,

2.हे0का0 सुभाष चन्द्र,

3.का0 मोहित कुमार,

4.का0 रामनिवास अवस्थी

प्रेस नोट - दिनांक 29.11.2024

थाना अचलगंज, जनपद उन्नाव ।

एक बाल अपचारी को पुलिस सरंक्षण में लिया गया

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अचलगंज पुलिस द्वारा एक बाल अपचारी को पुलिस सरंक्षण में लिया गया

संक्षिप्त विवरण- दिनांक 28.11.2024 को वादिनी की सूचना तहरीर पर थाना अचलगंज द्वारा मु0अ0सं0 370/24 धारा 137(2), 87 बीएनएस पंजीकृत किया गया था। जिसमें कल दिनांक 28.11.2024 को मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अपर्हता को सकुशल बरामद किया गया। आज दिनांक 29.11.2024 को उ0नि0 श्री किशोरीलाल मय हमराह पुलिस फोर्स द्वारा एक बाल अपचारी को लोहचा तिराहा से पुलिस संरक्षण में लिया गया।

पुलिस संरक्षण में लेने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 किशोरीलाल
2.का0 ओमनारायण

प्रेस नोट - दिनांक 29.11.2024

थाना हसनगंज, जनपद उन्नाव।

चोरी के 10 बोरी धान के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना हसनगंज पुलिस द्वारा दो अभियुक्तो को चोरी किए 10 बोरी धान बरामद कर गिरफ्तार किया गया।

संक्षिप्त विवरण- आज दिनांक 29.11.2024 को प्र0नि0 श्री चंद्रकान्त मिश्रा व उ0नि0 श्री बेचन यादव मय हमराह फोर्स द्वारा थाना हसनगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 289/24 धारा 303(1)/352/351(2) बीएनएस व 3(2)5क एससी/एसटी एक्ट से संबन्धित अभियुक्तगण 1.शालू उर्फ शैलेन्द्र यादव पुत्र स्व0 अनन्त यादव नि0 समसुद्दीनपुर थाना हसनगंज,उन्नाव उम्र करीब 41 वर्ष 2.अवधेश यादव पुत्र स्व0 अनन्त यादव नि0 समसुद्दीनपुर थाना हसनगंज,उन्नाव उम्र करीब 49 वर्ष को कब्जे से चोरी के 10 बोरी धान बरामद कर ग्राम घूरामऊ नहर पुलिया से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1.शालू उर्फ शैलेन्द्र यादव पुत्र स्व0 अनन्त यादव नि0 समसुद्दीनपुर थाना हसनगंज,उन्नाव उम्र करीब 41 वर्ष।

2.अवधेश यादव पुत्र स्व0 अनन्त यादव नि0 समसुद्दीनपुर थाना हसनगंज,उन्नाव उम्र करीब 49 वर्ष।

बरामदगी का विवरणः-

10 प्लास्टिक की बोरी में चोरी गये धान।

गिरफ्तारी करने वाली टीमः-

1. प्र0नि0 श्री चन्द्रकान्त मिश्रा।
2. उ0नि0 श्री बेचन यादव
3. हे0का0 अजय कुमार सिंह